सुनले बाबा मेरे

सुनले बाबा मेरे आया सारी दुनिया से हारा आया दर पे तेरे,
बम बम भोले मेहर करो ना भोले मेहर करो न,

तुझसे छुपा ना कुछ भी बाबा तू तो अंतर यामी है,
सब जाने तेरे खेल निराले मैं सेवक तू स्वामी है,
बाबा दुखड़े हरो झोली सुख की भरो,
येही फर्याद लाया हु मैं चरणों में तेरे,
बम बम भोले मेहर करो ना भोले मेहर करो न,

तुम हो ओगड़ दानी ऐसे बिन माँगे ही दे देते,
शरणघत के सिर पर बाबा हाथ तुम्ही तो धर देते,
तुम दयालु बड़े हो किरपालु बड़े सारी दुनिया में गूंजे बाबा जयकारे तेरे,
बम बम भोले मेहर करो ना भोले मेहर करो न,

हे कैलाशी वासी भोले हे अभियंकर शिव शंकर,
हे जोगी तप धारी अगोरी इस निर्मल पर किरपा कर,
अब तो आवो प्रभु ना तरसावो प्रभु तेरा अक्षय कमंडल में भंडारे है भरे,
बम बम भोले मेहर करो ना भोले मेहर करो न,

स्वर : संजय मित्तल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5860/title/sunle-baba-mere-aaya-saari-duniya-se-haara-aaya-dar-pe-tere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |